# 01 September 2020 Current Affairs in Hindi

## Jacr.in

SUBSCRIBE

# Index


- भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का निधन।
- शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल ने EnglishPro नाम एप्लीकेशन लांच की।
- जापान भारत में Covid-19 की वजह से हुए नुकसान के लिए 3500 करोड़ रूपये का लोन देगा।
- CSIR-CMERI ने विश्व का सबसे बड़ा सौर वृक्ष विकसित किया
- कांग्रेस के हरिकृष्णन वसंतकुमार (Harikrishnan Vasanthakumar) का निधन
- भारत में दूसरे क्वार्टर की जीडीपी 23.9% की रिकॉर्ड गिरावट
- पीएम ने सितंबर को “पोषण माह” घोषित किया
- नीति आयोग ने Export Preparedness Index 2020 की रिपोर्ट में गुजरात टॉप पर।
- ऑस्टिन अन्स्र्ट ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट “Walmart NW Arkansas Championship” जीता।

Q. भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का निधन। वे कितने वर्ष तक भारत के राष्ट्रपति रहे?

A. 2012 - 2017
B. 2007 - 2012
C. 2002 - 2007
D. 1997 - 2002

**Short description**:

पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुख़र्जी (Pranab Mukherjee) का लम्बी बीमारी की वजह से निधन हो गया है। मुख़र्जी भारत के राष्ट्रपति वर्ष 2012 में बने थे। और इनके बाद वर्तमान राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद बने।



# याद रखने योग्य पॉइंट्स:

- ये भारत के 13 वें राष्ट्रपति थे।
- वर्ष 2008 में ये पद्मा विभूषण से नवाज़े गए थे जोकि भारत का दूसरा सबसे नागरिक सम्मान है।
- वर्ष 2019 में भारत रत्न से पुरुस्कृत हुए जोकि भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।

- Euromoney मैगज़ीने के सर्वे के अनुसार प्रणव मुख़र्जी वर्ष 1984 में दुनिया के सबसे अच्छे वित्त मंत्री थे।
- एशिया के वित्त मंत्री (2010), इमर्जिंग मार्केट्स द्वारा, विश्व बैंक और आईएमएफ के लिए दैनिक समाचार पत्र।
- द बैंकर द्वारा वित्त वर्ष (2010)
- 15 जून, 2016 को कोटे डी आइवर गणराज्य के आबिदजान की मानद नागरिकता।

सही उत्तर है (**A**) 2012 - 2017

Q. EnglishPro नाम की एप्लीकेशन किसने शुरू की?

A. Nitin Gadkari
B. Kiren Rijiju
C. Rajnath Singh
D. Ramesh Pokhriyal

**Short description**:

EnglishPro को हैदराबाद की कंपनी “English and Foreign Languages University (EFLU)” ने विकसित किया है।

शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल ने अपने फेसबुक पेज के माध्यम से बताया की उन्होंने एवं मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेट श्री संजय शामराव ने यह एप्लीकेशन लांच की। यह मोबाइल ऐप को केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने विश्वविद्यालय सामाजिक दायित्व (USR) कार्यक्रम के तहत विकसित किया है।

इस एप्लीकेशन का उद्देश्य भाषा सीखने वालों की मदद करना है।

सही उत्तर है (**D**) Ramesh Pokhriyal

Q. कौन-सा देश ने भारत में Covid-19 की वजह से हुए नुकसान के लिए 3500 करोड़ रूपये का लोन देगा?

A. China
B. Japan
C. The USA
D. The UK

**Short description**:

जापान ने भारत को लगभग 3500 करोड़ रूपए का लोन देने की घोषण की है। यह लोन भारत में कोविद 19 से हुए नुकसान को भरने में मदद करेगा।

इस कार्यक्रम के ऋण का उद्देश्य COVID-19 से लड़ने में भारत के प्रयासों का समर्थन करना और भविष्य की महामारियों के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य प्रणाली तैयार करना और संक्रामक रोगों के खिलाफ भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों की लचीलापन में सुधार करना है।

# याद रखने योग्य

जापान के प्रधानमंत्री श्री शिन्ज़ो अबे (Shinzō Abe) ने इस्तीफे को घोषणा की।

सही उत्तर है (**B**) Japan

Q. विश्व का सबसे बड़ा सौर वृक्ष किस देश ने विकसित किया?

A. India
B. Japan
C. China
D. Malaysia

**Short description**:

CSIR-CMERI ने विश्व का सबसे बड़ा सौर वृक्ष विकसित किया है।

सोलर ट्री को सूर्य के प्रकाश के लिए प्रत्येक सौर पीवी पैनल के अधिकतम जोखिम को सुनिश्चित करने के लिए और नीचे की ओर छाया क्षेत्र के निर्माण के लिए भी बनाया गया है।

सौर पीवी पैनलों को आवश्यकता के अनुसार समायोजित किया जा सकता है, यह सुविधा रूफ-माउंटेड सौर सुविधाओं में उपलब्ध नहीं है। ऊर्जा उत्पादन के आंकड़ों की निगरानी वास्तविक समय या दैनिक आधार पर की जा सकती है।



सीएसआईआर-सीएमईआरआई (**CSIR-CMERI**) ने सोलर ट्री विकसित किया, इसके अलावा विश्व का सबसे बड़ा सोलर ट्री भी है। विभिन्न साइटों पर आवेदन के लिए कुछ अनुकूलन योग्य विशेषताएं हैं। सौर वृक्षों को न्यूनतम शैडो क्षेत्र सुनिश्चित करने के तरीके से तैयार किया गया था, इस प्रकार ये सौर पेड़-पौधे उच्च क्षमता वाले पंपों, ई-ट्रैक्टरों और ई-पावर टिलर जैसी कृषि गतिविधियों में व्यापक उपयोग के लिए उपलब्ध करा रहे हैं।

सही उत्तर है (**A**) India


Q. हरिकृष्णन वसंतकुमार (Harikrishnan Vasanthakumar) का निधन हो गया वे कौन थे?

A. Politician
B. Business Man
C. Above both
D. None of the above

**<u>Short description</u>**:

तमिल नाडु के हरिकृष्णन वसंतकुमार (Harikrishnan Vasanthakumar) का निधन हो गया। बताया जा रहा है की कोरोना वायरस की वजह से उनका निधन हुआ है।

ये एक पॉलिटिशियन होने के साथ-साथ एक सफल व्यापारी भी थे। इसके अलावा ये लोक सभा संसद के सदस्य होने के साथ-साथ तमिलनाडु विधानसभा के सदस्य भी थे।



हरिकृष्णन वसंतकुमार वसंत एंड कंपनी, वसंत टीवी के खोजकर्ता एवं मालिक भी थे।

सही उत्तर है (**C**) Above both

Q. भारत में दूसरे क्वार्टर की जीडीपी ----- प्रतिशत की रिकॉर्ड गिरावट हुई।

A. 13.9
B. 23.9
C. 33.3
D. 43.9

**Short description**:

वर्ष 2020 में दूसरे क्वार्टर (अप्रैल से जून) की यह सबसे बड़ी गिरावट है जोकि 23.9% है। यह जानकारी नेशनल स्टैटिकल ऑफिस (NSO) ने बताया है।

**इस गिरावट का क्या कारण है?**

कोरोना वायरस वजह से कई सेक्टर जैसे टूरिज्म, ट्रेवल, होटल, मैन्युफैक्चरिंग, आदि में लगभग न के बराबर काम हुआ। सिर्फ कृषि के क्षेत्र में ग्रोथ देखी गई।

सही उत्तर है (**B**) 23.9%

Q. वर्ष 2020 में भारत के प्रधानमंत्री ने किस माह को "**पोषण माह**" कहा?

A. September
B. October
C. November
D. December

**Short description**:

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने “मन की बात” प्रोग्राम में यह बात कही की सितम्बर माह पोषण माह के रूप में मनाया जायेगा।

**मन की बात में श्री मोदी ने कहा की**

*पोषण या Nutrition का मतलब केवल इतना ही नहीं होता कि आप क्या खा रहे हैं, कितना खा रहे हैं, कितनी बार खा रहे हैं । इसका मतलब है आपके शरीर को कितने जरुरी पोषक तत्व, nutrients मिल रहे हैं।*

सही उत्तर है (**A**) September

Q. नीति आयोग ने Export Preparedness Index 2020 की रिपोर्ट में ----- टॉप पर।

A. Madhya Pradesh
B. Uttar Pradesh
C. Gujarat
D. Tamil Nadu

**Short description**:

नीति आयोग ने हाल ही में अपनी “Export Preparedness Index 2020” की रिपोर्ट जारी की जिसमे गुजरात शीर्ष स्थान पर रहा।

वर्तमान में, भारत के 70 प्रतिशत निर्यात में पांच राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना का वर्चस्व है। गुजरात का स्कोर 75.14 है, वहीं जम्मू और कश्मीर का स्कोर सबसे कम 12.27 है।

**याद रखने योग्य**

- नीति आयोग 1 जनवरी वर्ष 2015 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया है। इस आयोग ने प्लानिंग कमीशन की जगह ली है।
- NITI Aayog का फुल फॉर्म National Institution for Transforming India है।
- नीति आयोग के चेयरपर्सन श्री नरेंद्र मोदी है एवं वर्तमान सीईओ अमिताभ कांत है।

सही उत्तर है (**C**) Gujarat

Q. -------- ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट “Walmart NW Arkansas Championship” जीता।

A. Ryann O'Toole (रयान ओ'टोले)
B. Gerina Piller (जरीना पिलर)
C. Anna Rawson (अन्ना रॉसन)
D. Austin Ernst (ऑस्टिन अन्र्स्ट)

**<u>Short description</u>**:

ऑस्टिन अन्र्स्ट एक प्रोफेशनल गोल्फर है। इन्होने “Walmart NW Arkansas Championship” जीता है।




**Walmart NW Arkansas Championship क्या है?**

वॉलमार्ट एनडब्ल्यू अर्कांसस चैम्पियनशिप (“Walmart NW Arkansas Championship”) एक वार्षिक महिला पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट है, जो रोजर्स, अरकंसास, फेटविले के उत्तर में एलपीजीए (LGPA) टूर पर है।

सही उत्तर है (**D**) Austin Ernst (ऑस्टिन अन्र्स्ट)